# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–09 मई 2025** **सान्ध्य समाचार**

भारतीय सशस्त्र बलों ने कल रात पाकिस्तान द्वारा उत्तरी तथा पश्चिमी शहरों को निशाना बनाने के लिए ड्रोन और मिसाइलों से किये गए सभी हमलों को विफल कर दिया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, पाकिस्तान ने जम्मू, पठानकोट और उधमपुर तथा अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास के कई स्थानों और सैन्य ठिकानों को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया था। हालांकि भारतीय सशस्त्र बलों ने हर पाकिस्तानी हमले को नाकाम कर दिया। इस दौरान जनहानि की कोई सूचना नहीं मिली है। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**पाकिस्तान से सतवारी, सांबा, जम्मू और कश्मीर के आरएस पुरा तथा अरनिया की तरफ आठ मिसाइलों को भेजा गया। भारतीय हवाई रक्षा इकाइयों ने इन सभी मिसाइलों को चिन्हित और नष्ट कर दिया। पाकिस्तान की ओर से इस तरह के हमले आतंकवादी संगठन हमास द्वारा इजरायल पर किये गए हमलों की तरह ही हैं। इसके अलावा सीमा सुरक्षा बल ने जम्मू और कश्मीर के सांबा जिले में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर घुसपैठ के बड़े प्रयास को विफल करते हुए कम से कम सात आतंकवादियों को ढेर कर दिया है। सूत्रों ने बताया है कि आतंकवादियों का एक बड़ा समूह घुसपैठ की कोशिश में था, जिसे भारतीय सुरक्षाकर्मियों ने असफल कर दिया। इस दौरान ढांढर चौकी पर पाकिस्तान की तरफ गोलीबारी की जाती रही। सीमा सुरक्षा बल के सतर्क सैनिकों ने पाकिस्तान के हर प्रयास को विफल किया। समाचार कक्ष से मैं वेद प्रकाश पाठक**

इस बीच, सरकार ने सभी मीडिया चैनलों, डिजिटल प्लेटफॉर्म और नागरिकों से रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की आवाजाही की लाइव कवरेज या वास्तविक समय की रिपोर्टिंग न करने को कहा है।

**********

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज नई दिल्ली में पश्चिमी सीमा पर सुरक्षा स्थिति और भारतीय सशस्त्र बलों की परिचालन तैयारियों की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी शामिल हुए। बैठक में रक्षा सचिव आरके सिंह भी मौजूद थे। इस बीच, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी सीमा सुरक्षा बल, सीआईएसएफ और नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) के महानिदेशकों के साथ बैठक की।

**********

पाकिस्तान की हाल की आक्रामकता के कारण देश के किशनगढ़, भुंतर और लुधियाना हवाई अड्डों को बंद कर दिया गया है। इससे पहले राजस्थान, पंजाब, जम्मू–कश्मीर, चंडीगढ़ और हिमाचल प्रदेश सहित कई राज्यों में हवाई अड्डों पर परिचालन निलंबित किया गया था। इस बीच नागर, उड्डयन मंत्रालय ने मीडिया की उन खबरों का खंडन किया है जिनमें कहा गया है कि देश भर के हवाई अड्डे बंद किए गए हैं।

इस बीच, प्रदेश के लखनऊ स्थित चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट, वाराणसी एयरपोर्ट और गोरखपुर एयरपोर्ट समेत सभी प्रमुख हवाई अड्डों और रेलवे स्टेशनों पर सतर्कता बढ़ा दी गई है। हमारे श्रावस्ती प्रतिनिधि ने बताया कि वहां भारत नेपाल सीमा से जुड़े इलाकों में विशेष सतर्कता रखी जा रही है।

**********

भारत की कार्रवाई से घबराया हुआ पाकिस्तान अब फर्जी खबरों और गलत सूचनाओं को फैलाने के लिए डिजिटल स्पेस का सहारा ले रहा है। एक रिपोर्ट–

**सोशल मीडिया पर पाकिस्तान ने एक पुराने वीडियो को वायरल करके दावा किया है कि उसने नियंत्रण रेखा पर 20 राज बटालियन की एक चौकी को तबाह कर दिया। ये पूरी तरह से गलत बयानी है क्योंकि ऐसी कोई भी सेना की टुकड़ी भारत में नहीं है। एक और वीडियों के जरिए गुजरात के हजीरा पोर्ट पर हमले का दावा किया। जबकि ये वीडियो एक तेल के टैंकर में हुए विस्फोट का है। दुनिया में आतंक का पर्याय बन चुके पाकिस्तान ने झूठ बोलकर अपनी बची कुची विश्वसनीयता भी खो दी है और वह पूरी तरह से हताश हो चुका है। सकलेन अख्तर, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

सरकार की ओर से जारी परामर्श में कहा गया है कि अगर भारतीय सशस्त्र बलों से संबंधित या मौजूदा स्थिति से जुड़ी कोई संदिग्ध जानकारी मिलती है तो इसकी सूचना पीआईबी फैक्ट चेक को जरूर दें। ऐसी सामग्री को व्हाट्सएप नंबर आठ सात नौ नौ सात एक एक दो पांच नौ और ईमेल आईडी सोशल मीडिया एट पीआईबी डॉट जीओवी डॉट इन पर साझा कर सकते हैं।

**********

केंद्रीय खाद्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने लोगों से जरूरी चीजों की जमाखोरी ना करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि देश में सभी आवश्यक वस्तुओं का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। किसी भी चीज की कोई कमी नहीं है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज महाराणा प्रताप जयंती पर लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने इतनी बड़ी हिमाकत कर दी है कि वह अपने वजूद के लिए संघर्ष करता दिखाई दे रहा है। श्री योगी ने कहा कि पाकिस्तान का आतंकवादी चेहरा अब दुनिया के सामने बेनकाब हो चुका है। मुख्यमंत्री ने देशवासियों से अपील की कि वे भारतीय सेनाओं का मनोबल बढ़ाएं और सोशल मीडिया के अफवाहों के प्रति सावधान रहें।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा और उनकी टीम से लखनऊ में मुलाकात की। मुख्यमंत्री और विश्व बैंक के अध्यक्ष ने इस मौके पर दो प्रमुख कार्यक्रमों की शुरूआत की। यह कार्यक्रम हैं–पूर्वांचल व बुंदेलखंड क्षेत्रों में कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए प्रदेश में लागू यूपी एग्रीस कार्यक्रम और प्रदेश को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का हब बनाने के लिए शुरू किया गया एआई प्रज्ञा कार्यक्रम ।

**********